# नागरिक बैंक की आमसभा में गुल्लक योजना की घोषणा

नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा की 21 वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन आज दिन शनिवार को किया गया ।

सर्वप्रथम मॉ सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं ज्योति प्रज्वलित बैंक अध्यक्ष श्री अवधेश सिंह यादव द्वारा किया गया । इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र यादव संचालक उपाध्यक्ष श्री संतोष शर्मा श्रीमती रजनी जगदीश चंद राठी, संचालक श्रीमती साधना अमित जैन, श्रीमती रितु आलोक जैन, श्रीमती विनिता विक्रम सिंह राजपूत, श्री अभय कुमार वैद्य, श्री ज्ञान सिंह दांगी, आदि भी उपस्थित थे । सरस्वती पूजन उपरांत सरस्वती वंदना बहिन सुनयना, वंशिता, भैया मृदुल जैन द्वारा प्रस्तुत की गई । इसके पश्चात् अध्यक्ष एवं संचालक मण्डल का स्वागत बैंक के कर्मचारियों द्वारा किया गया।

तत्पश्चात् बैंक अध्यक्ष श्री अवधेश महेन्द्र यादव ने सभा को संबोधित करते हुये सदस्यों को बैंक की प्रगति से अवगत कराया । अपने प्रतिवेदन में उन्होंने बताया कि नागरिक बैंक द्वारा ए टी एम, पॉस, मोबाईल एप, एस एम एस अलर्ट, आर टी जी एस एवं एन ई एफ टी, आई एम पी एस, यू पी आई की सुविधा प्रदान की जा रही है ।

इसके साथ ही उन्होंने नई विदिशा नागरिक गुल्लक योजना प्रारंभ किये जाने की घोषणा भी की । इसके अंतर्गत छोटे बच्चे एवं गृहणियां अपनी दैनिक बचत की राशि गुल्लक में जमा करेंगी तथा माह में एक बार बैंक कर्मचारी घर आकर ही वह राशि ले जाकर उनके खाते में जमा कर देंगे जिस पर बैंक द्वारा ब्याज भी दिया जावेगा ।

इसके पश्चात् बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेन्द्र जैन द्वारा विषयवार स्थिति सभा के समक्ष प्रस्तुत की गई तथा सभा द्वारा प्रत्येक विषय पर अनुमोदन एवं स्वीकृति प्रदान की गई ।

आम सभा के विषयों पर बैंक के श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियो एवं ग्राहकों को संचालक मण्डल द्वारा पुरस्कृत किया गया । अंत में संचालक श्री अभय कुमार वैद्य द्वारा आभार व्यक्त किया गया । सभा का संचालन श्री अजय यादव द्वारा किया गया । तत्पश्चात् राष्ट्रगान के साथ सभा की कार्यवाही समाप्त की गई ।